इस मिनिस्ट्री के काम करने का जो तरीका है, उसके संबंध में मैं कुछ कहना चाहता हूं। जनता और सरकार के बीच में यह कैसे तालमेल बैठाता है और सरकार के जो कार्यक्रम हैं, वे जनता के पास किस प्रकार पहुंचे उनको एजूकेट करना, उनके भले के सम्बन्ध में किस प्रकार का कार्यक्रम करना और सरकार जो कार्य कर रही है, उसका किस प्रकार से लाभ मिले, यह हमें देखना है। सब लोग मिल-जुल कर इस देश में किस तरह से एकता कायम कर सकते हैं और इस देश को मजबूती दे सकते हैं, यहां जो अन्य प्रकार की बीमारियां हैं, उनको किस प्रकार से दूर कर सकते हैं, इस प्रकार के जितने भी सरकार के कार्यक्रम हैं, उन सारे कार्यक्रमों के संबंध में ज्यादा से ज्यादा जानकारी लोगों को देना और उनको एजूकेट करना इस डिपार्टमैंट का सबसे बड़ा कर्तव्य है। इस क्षेत्र में किस तरीके से उसने काम किया है और भविष्य में किस तरह से काम करना चाहिए, इसके सम्बन्ध में विशेष व्यवस्था करने की आज बहुत बड़ी आवश्यकता है। जो सरकार काम करती है, 35 सालों में योजनाओं के जरिये से हमने अपने देश को जिस तरह से आगे बढ़ाया है और लोगों की आर्थिक हालत को सुधारने के लिए जिस तरह से काम किया है, गरीबी की रेखा के नीचे से ऊपर जितने लोगों को उठाया है, किस प्रकार से लोगों के लिए रोजी और रोटी के सम्बन्ध में काम किया है, किस प्रकार से खेतीबाड़ी में काम किया है, जिसकी वजह से हम सैल्फ-सफीशियेन्ट हुए हैं और जो अन्य प्रकार के प्रोग्राम हमने अपने देश में चलाए हैं और हम आत्मनिर्भर हुए हैं, उनके बारे में अगर हम लोगों को इन माध्यमों के द्वारा नहीं बताएंगे, तो हमारा देश आर्थिक तौर पर मजबूत नहीं बन जाएगा। इसलिए जो ऐसे सैक्टर हैं, जिनमें हम आत्म निर्भर बन सकते हैं, अपने देश को ज्यादा से ज्यादा व्यवस्थित कर सकते हैं, उन क्षेत्रों में किस तरीके से काम किया जाय, इसके सम्बन्ध में लोगों को जानकारी देने का काम इस डिपार्टमेंट का है। जो जानकारी दी जा रही है, क्या वह ठीक प्रकार से दी जा रही है। इसके बारे में फिर से तवज्जह देने की आवश्यकता है।

आज देश की पापूलेशन में देश के गरीब किसान 70 परसेंट हैं। आप उनकी उन्नति के लिए इन माध्यमों से क्या उपाय कर रहे हैं। आपने जो समय सारणी दी है उसके अनुसार तो ज्यादातर समय संगीत और दूसरी चीजों में ही चला जाता है। कृषि पर तो आप बहुत कम समय दे पा रहे हैं। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। इससे आम लोगों को फायदा होगा। दो तीन साल पहले भी मैंने इसी बात पर जोर दिया था कि यह एक इंपोरटेंट व्यवस्था है। इसको ज्यादा से ज्यादा मजबूत बनाने के लिए लोगों के पास ज्यादा से ज्यादा जानकारी पहुंचानी जानी चाहिए। इस ओर विभाग ने क्या कार्यवाही की है। फसल की जानकारी किसानों को मिलती है या नहीं, बीज, पेस्टीसाइड्स आदि की जानकारी, मौसम की जानकारी किसानों को मिलती है या नहीं। बारिश, अंधड़, तूफान, भूचाल आदि की जानकारी समय पर पहुंचाई जाती है या नहीं, इन सब

चीजों को देखने की आवश्यकता है। इस ओर क्या प्रयत्न किए गए हैं। समुद्र के किनारे भूचाल और तूफान आदि से अरबों-खरबों रुपयों का नुक्सान हो जाता है, फसल, मकान सब नष्ट हो जाते हैं। इसलिए इस तरह की जानकारी समय पर पहुंचाने के लिए विभाग क्या प्रयत्न करने जा रहा है। भविष्य में इसके लिए क्या योजना है जिससे इन लोगों को लाभ पहुंच सके।

एजूकेशन के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश में, केवल 30 प्रतिशत लाग शिक्षित हैं। बाकी 70 प्रतिशत लोग अनपढ़ हैं। इनके लिए विभाग क्या करने जा रहा है। सरकार ने इसके लिए कई योजनाएं बनाई हैं। बीस सूत्री कार्यक्रम में भी एडल्ट एजूकेशन के लिए प्रावधान किया गया है। लेकिन यह प्रोग्राम किस तरीके से चलता है। 150 रुपए में कोई आदमी अपने काम को किस तरह से अंजाम दे सकता हैं, इसका अंदाजा आप स्वयं लगा सकते हैं। इस तरह से करोड़ों रुपया बरबाद हो रहा है और गरीबों को शिक्षा का लाभ भी नहीं मिल रहा है। इस क्षेत्र में आपका विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। गरीब लोग हैं जो किताब नहीं खरीद सकते, पढ़ाई के लिए फीस नहीं दे सकते। उनके लिए आपको शिक्षा संबंधी कार्यक्रम रखने चाहिएं, ताकि ये लोग शिक्षित हो सकें। अभी आप कक्षाओं के लिए पांचवीं, छठवीं. सातवीं आदि कक्षाओं के लिए तो कार्यक्रम देते हैं, लेकिन एडल्ट एजूकेशन के कार्यक्रमों का नितांत अभाव है। प्रोग्राम इतने कम हैं कि देश के गरीब विद्यार्थियों को इसके जरिए से एजुकेट नहीं कर सकते। इस प्रोग्राम को और व्यापक बनाने की आवश्यकता है। जो अनपढ़ या आर्थिक रूप से कमजोर हैं और इस प्रकार की फैसिलिटिज को प्रोवाइड नहीं कर सकते, उनके लिए भविष्य में किस प्रकार के कार्यक्रम बनाने का विचार है? इससे 70 प्रतिशत अनपढ़ लोगों को फायदा हो सकता है। इस संबंध में न तो एनुअल रिपोर्ट न छठी पंचवर्षीय योजना और न सातवीं पंचवर्षीय योजना में कोई ज्यादा ध्यान दिया गया है। इसलिए, इस तरफ तवज्जुह करने की बहुत बड़ी आवश्यकता है। इस देश की 70 प्रतिशत जनता को दूरदर्शन या रेडियो के जरिए से जितने भी आपके ड्रामा संगीत या दूसरे प्रोग्राम हैं, उनके द्वारा एजूकेट करने के लिए क्या योजना है? इसी तरह से एक हैल्थ प्रोग्राम है। इस देश के करोड़ों लोग अंधे, बहरे, पोलियो, कैन्सर या टी० बी. जैसी अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं। इन बीमारियों को भविष्य में इरेडिकेट करने के लिए डाक्टरों द्वारा कितने लैक्चर आदि दूरदर्शन या रेडियो द्वारा करवायेंगे जिससे इस देश के लाखों लोग इन प्रिवेन्टिव मैजर्स को एडोप्ट कर सकें। कभी-कभी सुबह के समय किसी डाक्टर का भाषण सुनाई पड़ता है। लेकिन, क्या उस छोटे से प्रोग्राम से इस देश के की इतनी बड़ी पीडित जनता को लाभ पहुंचा सकते हैं? इसलिए मैं जानना चाहूंगा कि भविष्य में कौन-कौन से प्रोग्राम बना रहे हैं, जिससे इन बीमारियों से राहत पाने के लिए लाखों लोग प्रिवेन्टिव मेजर्स ले सकें? लेबर का एक ऐसा फील्ड है, जिसके संबंध में विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। लेबर, देश की इन्डस्ट्री में सबसे ज्यादा सहयोग देने वाली संस्था है। ये लोग किस प्रकार से ज्यादा प्रोडक्शन बढ़ा सकें, किस तरह से इनकी प्रोविडेण्ट फण्ड बोनस और ग्रेच्युटी आदि की कठिनाई दूर हो सके, इस संबंध में प्रयास करने की आवश्यकता है जिससे इनको रेडियो या दूरदर्शन के द्वारा जानकारी हो सके। इसके द्वारा इनको अपने सारे कानूनों के बारे में जानकारी हो सकती है। इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाए गए हैं जिससे ये लोग अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर एक अच्छे नागरिक

बनकर ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्शन इन्डस्ट्री में करवा सके। अगर, इस ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया है तो आप देश में नेशनल इंटीग्रेशन नहीं ला सकते और सेक्योरिटी को कायम नहीं रख सकते और नहीं देश को ज्यादा प्रभावशाली बना सकते हैं। इन सारे फैक्टर्स के बारे में आप क्या कार्यवाही कर रहे हैं? जिसकी वजह से देश शक्तिशाली और मजबूत बन सके, उस दिशा में आप योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकें।

अब मैं बीस सूत्रीय कार्यक्रम के बारे में निवेदन करना चाहता हूं। हमारे बहुत से लोग जो गांवों में रहते हैं, पढे लिखे नहीं होते, लेकिन उनको आज बीस सूत्रीय कार्यक्रम के बारे में कोई जानकारी नहीं है कि यह कार्यक्रम क्या है, सरकार किस तरह की योजना चलाना चाहती है, उनकी गरीबी को दूर करने के लिए, उनको गरीबी की सतह से ऊपर उठाने के लिए सरकार ने यह बीस सूत्री कार्यक्रम चलाया हैं। इस कार्यक्रम के बारे में आपके रेडियो और टी० वी० ने लोगों को क्या ज्ञानकारी दी है, उनको दी जाने वाली सबसिडी और दूसरे राहत कार्यों को क्या सूचना दी है, बैंकों के जरिए से सरकार का उनकी गरीबी दूर करने का क्या प्रोग्राम हैं, उसके सम्बन्ध में इस सरकार ने और आपके विभाग ने लोगों को क्या जानकारी दी है। वैसे तो आप कहते हैं कि देश में लगभग 80 प्रतिशत जनता के पास हमारे रेडियो के कार्यक्रम पहुंचते हैं और 18 या 20 प्रतिशत जनता के पास हमारा टेलीवीजन पहुंचता है, लेकिन जिन लोगों तक आपका रेडियो और टी० वी० पहुच चुका है, उस जनता को एजूकेट करने के लिए आपने क्या व्यवस्था की है ताकि उनको बीस सुत्री कार्यक्रम के बारे में पूरा ज्ञान हो सके। क्योंकि वह ऐसा कार्यक्रम हैं, जिसके जरिए हम इन गरीब लोगों की आर्थिक उन्नति में बहुत बड़ा योगदान कर सकते हैं। मगर आज लोगों को उसकी कोई जानकारी नहीं है। हमारे अधिकारी लोग इस कार्यक्रम के नाम पर उन लोगों के साथ धोखाधड़ी करते हैं, सरकार ने उन गरीबों के लिए जो योजनाएं बनाई हैं, जो कार्यक्रम बनाये हैं, उनको इम्पलीमेंट नहीं होने देते। यदि सही ढंग से इसको क्रियान्वित किया जाए तो हमारे बहुत से गरीब लोगों की गरीबी दूर की जा सकती है। लेकिन हमारी सरकार और इन्दिरा गांधीजी ने इन गरीबों के लिए जो कार्यक्रम तैयार किया है, आज उसका दुरुपयोग हो रहा है, जगह जगह ब्लाक्स में, बैंकों में या अन्य स्थानों पर अधिकारी वर्ग उसका दुरुपयोग कर रहा है। इन गरीब लोगों की गरीबी दूर करने में सबसे ज्यादा योगदान आपका महकमा दे सकता है। यदि यह सही तरीके से सजग और प्रहरी बनकर काम करे तो निश्चित रूप से बीस सूत्री कार्यक्रम की जानकारी लोगों को दी जा सकती है और अच्छी तरह से उस कार्यक्रम को इम्पलीमेंट किया जा सकता है (घण्टी)...

अभी मुझे थोड़ा सा और कहना है। चूंकि आप बार-बार घण्टी बजा रहे हैं, यदि आपको पसन्द न हो तो फिर मैं बैठ जाता हूं। उपाध्यक्ष जी, इसीलिए मैं पांच-सात महत्वपूर्ण प्वाइंटस के बारे में ही कुछ निवेदन करना चाहता हूं। मंत्री महोदय, सबसे पहले मैं आपका ध्यान फिल्मस के बारे में दिलाना चाहता हूं। जैसा हमारे भाई साहब ने भी कहा, कुछ समय पहले, कि टी० वी. पर दिखाई जाने वाली फिल्मो की सलैक्शन ठीक से नहीं होती। केवल रोटीन फिल्मस ही दिखाई जाती है, जिनमें वही लव अफेयर्स वाली बातें होती हैं, या कुछ ऐसी फिल्में दिखाई जाती हैं, जिनमें वही रोटीन नेचर की बातें होती हैं। मेरा खयाल है कि सारे देश में जितनी भी फिल्में बनती हैं,

MR. DEPUTY SPEAKER : Mr. Vyas, which film have you seen ?

**श्री गिरधारी लाल व्यास** : मैंने तो खैर नहीं देखी हैं, लेकिन हमारे यहां जो भी फिल्में बनती हैं, उनमें सारी की सारी स्टोरी एक जैसी ही होती हैं। चाहे वे फिल्में बंगाल में बनें, पंजाब में बनें, नौर्थन स्टेटस में बनें, या बंबई में बनें। मैं नहीं समझता कि आपका सैन्सर बोर्ड क्या करता है। वैसे तो आपने सेंसर बोर्ड में अमैंडमेंट भी की है, उसके मैम्बर्स को भी बढ़ाया है, मगर अब भी हमारा सेंसर बोर्ड ऐसी फिल्मों को पास कर देता है, जिनमें कई ऐसी बातें होती हैं, जैसे जुआ खेलना, रेप के केसेज होना और कई दूसरी इसी तरह की कुरीतियों को दर्शाया जाता है। आप देखिए कि इनका असर हमारे छोटे छोटे बच्चों और नौजवानों पर क्या पड़ रहा है। क्या इनके स्थान पर हमारे देश में ऐसी फिल्में नहीं बन सकतीं जिसके कारण लोगों में जागृति पैदा हो, जिससे उनका मौरल ऊपर उठे, जिसके कारण हमारे नौजवानों के दिल और दिमाग पर इस देश के प्रति मर-मिटने की भावना जागृत हो। क्या इस तरह की व्यवस्था आप इस फिल्मों के जरिए नहीं कर सकते। लेकिन फिल्मों को बनाने के पीछे हमारे लोगों को उद्देश्य सिर्फ पैसा कमाना होता है कि कैसे ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाया जाए। रातों-रात वे कैसे करोड़पति बन जाएं, अरब पति बन जाएं और ऐसी फिल्मों के जरिए भले ही ज्यादा से ज्यादा लोगों का चरित्र खराब हो जाए। इसलिए मंत्रीजी महोदय सरकार जो पैसा खर्च करती है, जो फिल्में आपका डिवीजन बनाता है, उनको तो कम से कम अच्छा बनाईये जिससे उनका असर आम लोगों पर अच्छा पड़े, जिससे उनको अच्छी एजूकेशन मिल सके। हमारा फिल्मस डिवीजन भी कहीं उसी उद्देश्य से प्रेरित होकर फिल्में न बनाने लग जाए, जैसा कि आम लोगों का उद्देश्य आजकल अधिक से अधिक पैसा कमाना हो गया है। उसके बदले आप ऐसी फिल्में बनाईये, जिसका असर आम लोगों पर ज्यादा से ज्यादा पड़े, उनसे नेशनल इंटीग्रेशन की भावना पैदा हो, कम्यूनल भावना समाप्त हो, आपस में प्रेमभाव बढ़े, भाईचारे की भावना का विकास हो, देश के प्रति मर मिटने की भावना पैदा हो। यदि इस प्रकार की फिल्मों का निर्माण हमारे यहां होगा तो हमारा उद्देश्य पूरा हो सकता है और आज ऐसी फिल्मों को बनाने की बड़ी आवश्यकता है। इसी तरह से जितने भी रेडियो सेन्टर्स स्थापित कर रहे हैं, मैंने पहले भी कहा था और अभी माननीय वृद्धि चन्द्र जैन कह रहे थे, आपका रेडियो सुनाई नहीं देता है, बल्कि पाकिस्तान का सुनाई देता है। इसी प्रकार से हमारा क्षेत्र जयपुर और जोधपुर के बीच में है लेकिन भीलवाड़ा में इन रेडियो स्टेशन्स की आवाज साफ नहीं आती है। आपने कहा भी था कि भीलवाड़ा में रेडियो स्टेशन खोलेंगे क्योंकि वह एक अच्छा इन्डस्ट्रियल सेन्टर है। मैं चाहूंगा कि आप उस आश्वासन को पूरा करें। भीलवाड़ा में रेडियो स्टेशन नितान्त आवश्यक है।

इसी तरह से टी. वी. रीले सेन्टर भी भीलवाड़ा में बनायें। आपने अपनी किताब में लिखा भी है कि कुछ करेंगे। आप जल्दी से जल्दी उसे पूरा कर दें जिससे आसपास के क्षेत्र के लोगों को लाभ हो। जितने भी पिछड़े हुए क्षेत्र हैं उनकी जानकारी आम जनता को भी हो, पूंजीपतियों को भी हो और सरकार को भी हो। इन बैकवर्ड एरियाज की जानकारी अपने रेडियो और टी. वी. कलाकारों के जरिये से प्राप्त करके सारे लोगों को दी जाय ताकि जो भी उन क्षेत्रों को इंडस्ट्रियली ऐडवांस करना चाहें, उद्योग धंधे खोलना चाहें वह खोल सकें। क्या आपके विभाग ने ऐसे कार्यक्रमों के सम्बन्ध में कोई जानकारी

की है और सरकार को कोई जानकारी दी है ताकि उन बैकवर्ड एरियाज को आगे बढ़ाने में जो दिलचस्पी रखते हों वह उसका लाभ उठा सकें ?

इसी तरह से प्रेस का मामला है, बहुत से लोग कहते हैं कि सरकार ने रेडियो और प्रेस पर कब्ज़ा कर रखा है । मैं ऐसा मानता हूं कि सरकार का इन पर कब्ज़ा होना चाहिये । अगर सरकार के कार्यक्रम इनके जरिये से लोगों के पास नहीं पहुंचेंगे तो किसके पहुंचेंगे? विरोधियों के ? नहीं । सरकारी तौर पर जो कुछ भी यह माध्यम कह सकते हैं वह और कोई नहीं कह सकता । रेडियो, टी. बी और प्रेस इसीलिये हैं कि सरकार के कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता को मिल सके । जितने भी विरोधी दल के लोग हैं इनके दिमाग में तो यही है कि सरकार के अधीन इनको नहीं रखना चाहिए । मार्क्सिस्टों की सरकार बंगाल में क्या करती है उसकी जानकारी इन्हें नहीं है । मगर भारत सरकार के बारे में जरूर कहेंगे कि भारत सरकार ने यह किया और वह किया । बंगाल की सरकार तो रवीन्द्र नाथ टैगोर ने जो किताबें लिखी हैं उनको भी बदलने का काम वह सरकार कर रही है । तो यह कभी संतुष्ट नहीं हो सकते चाहे भारत सरकार कितना ही अच्छा काम क्यों न करे । अत: सरकार को वेधड़क हो कर अपने कार्य-क्रम को रेडियो, टी. बी. और प्रेस के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना चाहिये, गांव गांव में पहुंचायें । विरोधी दल के लोगों के कहने की कोई फिक्र नहीं करनी चाहिये, और यह तो

**14.00 hrs**

कहते रहेंगें । इसकी परवाह नहीं होनी चाहिये । सरकार को अपने कार्यक्रम मुस्तैदी और तेजी के साथ लागू करने चाहियें ताकि देश की जनता को मालूम पड़े कि इंदिरा गांधी की सरकार क्या कर रही है, किस तरह से गरीबी हटाने और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है । इस प्रकार की जानकारी तमाम देश के लोगों को मिलनी चाहिये तब जाकर इस देश के गरीबों तक सारी बातें पहुंच सकेंगी । आज गरीब लोग निश्चत रूप से इंदिरा गांधी पर अपने प्राण न्यौछावर करने को तैयार है, उनके हाथ मजबूत करने को तैयार हैं । इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस डिपार्टमेंट की मांगों का समर्थन करता हूं ।

**श्री कमला मिश्र मधुकर** (मोतीहारी) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी हमारे बहुत पुराने मित्र हैं और बहुत बार इस हाउस के बाहर दिल्ली की सभाओं में हम लोगों ने एक साथ भाषण दिया है । मंत्री बन जाने के बाद लगता है कि इन पर भी बड़े मोनोपौलिस्टों, कैपिटलिस्टों या पूंजीपतियों का साया ही नहीं, बल्कि प्रबल प्रभाव पड़ चुका है ।

इन्होंने जो रिपोर्ट पेश की है उसमें बहुत सी बातें हैं, मैं इनका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना चाहूंगा कि आपकी विज्ञापन नीति बिल्कुल ही गलत है और बड़े-अखबार परस्त है । आपके विज्ञापन में दो बातें होती है । पहली तो यह कि बड़े पैमाने पर आप विज्ञापन देते हैं बड़े अखवारों को, उसके अनुपात में छोटे अखवारों को या मझौले अखबारों को विज्ञापन नहीं मिलते हैं और रेट भी उनको उनके बराबर नहीं मिलता है । न केवल सरकारी संस्थानों से, बल्कि पब्लिक सैक्टर से भी जो विज्ञापन छोटे और मझौले अखबारों को मिलते हैं वह ठीक नहीं दिये जाते हैं । यह आज बिल्कुल अनुचित है और मैं चाहूंगा कि आप विज्ञापन नीति को बदलें क्योंकि इस तरह के विज्ञापनों से बड़े लोगों को लाभ

होता है, छोटे व मझौले पत्रों को वह लाभ नहीं मिलता है। इसलिये इन पत्रों के विकास में बाधा होती है। यह बात जो हो रही है, सरासर गलत है और मै इसका विरोध करते हुए मांग कर रहा हूं कि इस पर आप विचार करें।

आपने एक एक्रीडिटेशन कमेटी बनाई उसमें आपने पत्रकारों की एक समिति बनाई है। उस समिति में वही लोग रखे गये हैं जो कि सरकार के भोंपू हैं। जो सरकार कहती है, उसकी मांग वह कहते हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सारे हिन्दुस्तान में सैकड़ों अखबार निकालती है, उसमें बहुत नामीग्रामी पत्रकार लोग होते हूं। क्या वजह है कि उन पत्रकारों में से एक आदमी भी इस समिति में नहीं लिया गया है? आप जवाब देते समय इसे बताने की कृपा करें।

14.03

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*].

आपकी न्यूज-प्रिंट पालिसी, अखबारी कागज बांटने की नीति गलत है। आपके ही आंकड़े हैं, आपने जो रिपोर्ट पेश की है, उसके मुताबित 68.21 प्रतिशत आप बड़े अखबारों को देते हैं, 22.68 प्रतिशत मझौले अखबारों को और 9.11 प्रतिशत छोटे अखबारों को देते हैं। नतीजा यह होता है कि बड़े अखबार और बड़े बनते जा रहे हैं और छोटे व मझौले अखबारों की उन्नति नहीं हो रही है, वह समाप्त हो रहे हैं।

हमारे इलाके में बहुत छोटा अखबार निकलता है 'अंगार' चम्पारण संदेश इत्यादि, लेकिन अखबारी कागज की कमी के चलते इन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और वह पूरा काम नहीं कर पाते।

होता क्या है कि बड़े अखबार वाले अपनी ब्लैकमनी को छिपाने के लिये नये-नये अखबार खोलते है। बिना क्लीयरेंस के, इस बात को बिना जाने कि उन पर बकाया है या नहीं, ऐसे अखबारों को कागज एलाट कर दिया जाता है। वे अखबार टैक्स को ईवेड करते हैं। इसका परिणाम यह है कि अखबारों के चैन बढ़ रहे हैं और देश में मानोपली की नीतियों का प्रचार तथा प्रसार बड़े पैमाने पर हो रहा है। इससे जाहिर है कि सरकार बड़े मानोपली घरानों के सामने नत-मस्तक हैं। मेरी आलोचना से सरकार की नीति में कोई फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन मेरा काम है आलोचना करना और सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

सरकार को यह नीति निर्धारित करनी चाहिए कि बड़े अखबारों में 40 फीसदी से अधिक स्पेस में एडवरटाइजमैंट नहीं रहने चाहिए, ताकि मझौले और छोटे अखबारों को विज्ञापन मिलने में सुविधा हो। छोटे अखबारों की हालत यह है कि उनको टेलीप्रिंटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उन्हें टेलीग्राम से समाचार मंगाने पड़ते हैं। डाक विभाग की दक्षता की स्थिति यह है कि टेलीग्राम महीनों बाद पहुंचता है और न्यूज पुरानी हो जाती है।

दिल्ली में पत्रकारों के लिए आवासीय सुविधाएं नहीं हैं। नतीजा यह है कि वे मारे-मारे फिरते हैं या किसी एम पी के फ्लैट में रहते हैं यदि सरकार पत्रकारिता को बढ़ावा देना चाहती है, तो उसे पत्रकारों के लिए आवासीय सुविधाओं की व्यवस्था करनी चाहिए। दिल्ली के छोटे अखबारों के पत्रकारों की यह पर्मानेंट मांग है। इस मंत्रालय को अन्य विभागों का सहयोग लेकर इस समस्या को हल करना चाहिए।

जहां तक आल-इंडिया रेडियो का सम्बन्ध है, मैं यह कहना एक सम्य बात नहीं समझता कि आल-इंडिया रेडियो वास्तव में आल-

इन्दिरा रेडियो है। लेकिन इसमें संदेश नहीं है कि इस देश के जो सर्वमान्य लक्ष्य हैं। सामाजवाद, धर्म-निरपेक्षता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और साम्राज्वाद तथा नव-उपनिवेशवाद का बिरोध करना-आल-इंडिया रेडियो से उनका प्रसारण सही ढंग से नहीं होता है। मैं कुछ उदाहरण देना चाहता हूं।

देश के मूर्द्धण्य इतिहासकार, पं० रामशरण शर्मा, को 1982 में अंग्रेजी का स्क्रिप्ट पढ़ने का अवसर दिया गया, लेकिन 1983 में उसी विषय पर हिन्दी स्क्रिप्ट को नहीं पढ़ने दिया गया। हमारी पार्टी के नेता, श्री इन्द्रजीत गुप्त, की बजट के बारे में प्रतिक्रिया को रेडियो से प्रसारित नहीं किया गया, जबकि दूसरे लोगों की प्रतिक्रिया को प्रसारित किया गया था। पश्चिम बंगाल के ओवरड्राफ्ट के सवाल पर श्री इन्द्रजीत गुप्त की प्रतिक्रिया को प्रसारित नहीं किया गया।

हमारे चम्पारण के इलाके में पीकिंग रेडियो सुनाई पड़ता है, लेकिन पटना का रेडियो सुनाई नहीं पड़ता। इसलिए पटना में, जो बिहार की राजधानी है, एक पावरफुल रेडियो ट्रांसमिटर लगाया जाए। इसके साथ ही मोतीहारी या रक्साल या बेतिया में, जो नेपाल की सीमा पर हैं, दूरदर्शन केन्द्र और रेडियो स्टेशन खोले जाएं।

कुछ सदस्यों ने सही तौर पर आज की फिल्मों की आलोचना की है। आज हमारे देश में बेकारी है, गरीबी है। यह ठीक है कि नौजवानों की अपनी उमंगें और आवश्यकताएं होती हैं, लेकिन आज की फिल्में समाज में क्राइम को बढ़ाने में मदद दे रही हैं। देश में ब्लू फिल्में आ रही हैं, जो बीडियो के जरिये घर-घर में दिखाई जाती हैं। मंत्री महोदय को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए कि हमारे नौजवानों पर ऐसी फिल्मों का क्या प्रभाव पड़ रहा है।

जहां तक दूरदर्शन का सम्बन्ध है, इस मंत्रालय ने सराहनीय काम किया है। लेकिन उसने यह विचार नहीं किया है कि क्या मध्यम वर्ग तथा निम्न मध्यम वर्ग के लोग टेलिबिजन सेट खरीद सकते हैं। वे नहीं खरीद सकते। सरकार को ऐसे टेलीबिजन सेट बनाने की व्यवस्था करनी चाहिए, जिन्हें आम जनता खरीद सके और दूरदर्शन के कार्यक्रमों से लाभ उठा सके।

पश्चिमी चम्पारण और बेतिया जिले में टेलिविजन का कोई कार्यक्रम नहीं देखा जा सकता। हमारी मांग पर श्री विद्याचरण शुक्ल ने मुजफ्फरपुर में टेलीबिजन केन्द्र स्थापित किया, लेकिन वह काफी दूर पड़ता है। इस लिए पूर्वी चम्पारण या पश्चिमी चम्पारण में किसी जगह, या बेतिया, रक्सौल, मोतीहारी में टेलिबिजन केन्द्र स्थापित किया जाना चाहिए।

आज विश्व साम्राज्यवाद अन्तर्राष्ट्रीय पैमाने पर हिंदुस्तान को चारों ओर से घेरना चाहता है। आज देश को अपनी सीमाओं पर खतरा है। देश में फूट-परस्त ताकतें धर्म और क्षेत्रीयता के नाम पर तोड़फोड़ में लगी हुई हैं और तरह तरह से देश को बिखराव की ओर ले जा रही हैं। समाजबाद और धर्म-निरपेक्षता की शक्तियों को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता की रक्षा करने में इस मंत्रालय को भी अपना योगदान करना चाहिए। यह ऐसा सवाल है कि जिसके रेडियो और टेलीविजन केन्द्रों पर प्रसारण का प्रबन्ध होना चाहिए ताकि इसके जरिए राष्ट्रीय अखण्डता, समाजवाद और धर्म-निरपेक्षता का प्रचार हो सके। साम्राज्यबाद से जो विश्व शान्ति को खतरा पहुंच रहा है उस खतरे को आप नहीं आंकते हैं, कम करके आंकते हैं।

प्रधान मंत्रीजी कहती हैं लेकिन रेडियो में उसकी अभिव्यक्ति नहीं होती है। साम्राज्यवाद से सारी दुनिया को जो खतरा है उसके खिलाफ प्रचार करने में आपकी आवाज बन्द हो जाती है। अमेरिका से पता नहीं कौनसा भय आप को लगता है ? मैं चाहूंगा कि रेडियो टेलीविजन और फिल्में जो हैं इनके जरिए देश की जो आवश्यकता है उनका प्रचार हो और उसके अनुरूप उसको बनाइए।

खास तौर से मध्यम श्रेणी के पत्रों और कम संख्या वाले पत्रों पर आप ध्यान दीजिए ताकि वह भी पनप पायें और ऐसे तत्वों पर जरा ध्यान दीजिए जो राष्ट्रीय अखण्डता को तोड़ने वाली हैं और राष्ट्रीय एकता के संबंध में भ्रम पैदा करने वाली हैं। ऐसे पत्रों के ऊपर आपको ध्यान देना चाहिए क्योंकि उससे आपके विकास में बड़ी कठिनाई पैदा होगी। जो देश की आवश्यकता है उसके अनुरूप इन को आप फिर ढालिए और आगे बढ़ाइए ताकि उसके अनुरूप आपका विभाग काम कर सके।

**श्री मूल चंद डागा** (पाली) : सभापति महोदय, अगर विरोधी लोगों की बातों का रेडियो पर ज्यादा प्रचार किया गया तो हिन्दुस्तान में जो चरित्र आज बन रहा है वह और कमजोर हो जाएगा ।···(व्यवधान)··· आप मेरी बात सुनिए, आप लोगों ने पार्टियों के अन्दर जो टुकड़े किए हैं, हम तो चाहते हैं कि विरोधी दल मजबूत बने, एक बने और ताकतवर बने लेकिन आपने तो 16 पार्टियां बनाई हुई हैं और आज आपके कारण जो रेडियो पर तरह तरह की खबरें आती हैं उनसे हिन्दुस्तान के लोग और भ्रमित होते हैं। आपने 16 तो पार्टियां बना रखी हैं, 40 चूल्हे बनाए हुए हैं तो ज्यादा समय तो आप ले जाते हैं। आप जो दोष देते हैं कि टी० वी० पर ज्यादा कांग्रेस की फोटो दिखाते हैं मगर आपकी जो 16 पार्टियां हैं···(व्यवधान)···

**एक माननीय सदस्य** : 16 पार्टियों को तो 16 मिनट नहीं मिलता है।

**श्री मूलचंद डागा** : यहां सदन में भी जब बोलते हैं तो नेशनल फ्रन्ट वाले भी बोलते हैं और आप लोग तो 40 मिनट बोल लेते हैं, आप इतने मजबूत आदमी हैं इसलिए मैं यह बात कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में ये जो इतनी पार्टियां हैं इनको ज्यादा महत्व न दें, इनको तो परदे के पीछे ही रहने दें तो अच्छा है। इन्होंने तो देश को यह बता दिया कि कोई भी विरोधी संगठन मजबूत नहीं बन सकता। ये टुकड़े टुकड़े में बिभाजित है। देश को अगर किसी ने कमजोर किया है तो विरोधी दलों ने किया है। एक बात सुनिये, राहीजी, अगर बिरोधी दल मजबूत बनता है तो प्रशासन, दुगना मजबूत बनता है। मैं इसी बात का हामी हूं और मैं चाहता हूं कि आप मजबूत बनें, क्योंकि आप भी सरकार के अंग हैं। जब आकाशवाणी या दूरदर्शन पर श्रीमती इन्दिरा गांधी की बात कही जाती है तो वह प्रधान मंत्री का प्रचार होता है और उस प्रधान मंत्री के प्रचार में आप भी शामिल हैं, क्योंकि वे न केवल हमारी पार्टी की प्रधान मंत्री हैं, बल्कि सारे सदन की प्रधान मंत्री हैं। जब भी कभी कोई प्रोग्राम आते हैं तो वे भारत सरकार के होते हैं, इसलिये, जब भी श्रीमती इंदिरा गांधी की बात की जाती है तो प्रधान मंत्री के रूप में उन्होंने जो काम किये हैं उनका उल्लेख होता है और प्रधान मंत्री आप की भी हैं, हमारी भी हैं, सारे सदन की हैं, सारे हिन्दुस्तान की हैं।

**श्री रामलाल राही** (मिसरिख) : लेकिन उनके साथ राजीव गांधी भी बीच में आ जाते हैं।

···(व्यवधान)···

**श्री मूलचंद डागा :** राही जी, नियमों में ऐसा लिखा हुआ है कि आप हस्तक्षेप नहीं करेंगे, लेकिन आप हस्तक्षेप कर रहे हैं यह आप को शोभा नहीं देता है, क्योंकि आप विद्वान आदमी हैं, लेकिन विरोधी दल इन्हीं बातों के लिये बदनाम हुआ है । जब इस तरह से आप लोग बार बार यहां बोलते हैं तो सोचने की बात है कि हमारी पार्टी को कितना समय मिलना चाहिये ।

**सभापति महोदय :** आप चेअर की तरफ देखकर बोलिये, राही जी को मत देखिये ।

**श्री मूलचंद डागा :** मैं एक बात कहना चाहता हूं—आपके सूचना और प्रसारण विभाग को एक बात समझ लेनी चाहिये···।

**श्री रामलाल राही :** राजीव गांधी का नाम इसलिये बोला गया है, क्योंकि अब चुनाव नजदीक हैं, अब टिकट मिलने वाले हैं । कहीं ऐसा न हो कि टिकट न मिलें ।

**श्री मूल चंद डागा :** राजीव गांधी का नाम कांग्रेस पार्टी के साथ आता है । जैसे चरणसिंह जी, अटल बिहारी वाजपेयी जी, इन्द्रजीत गुप्ता आर शास्त्री जी का नाम उनकी पार्टियों के साथ आता है । 16 पार्टियां हैं, मै किस किस के बारे में बतलाऊं ।

सभापति जी, मैं इस बात को बतलाना चाहता हूं—1947 में इस देश में केवल 6 रेडियो स्टेशन्ज थे, लेकिन आज उनकी संख्या 70 है—क्या यह प्रगति नहीं है ? अगर आप प्रगति को देखना चाहते हैं तो मैं आपको दिखलाता हूं—पहले दूरदर्शन से केवल 30 परसेन्ट पापुलेशन का कवरेज होता था, लेकिन इस साल के अन्त तक 70 प्रतिशत जनता कवर की जायगी—जो अपने आप में एक विश्व रिकार्ड है । राही जी, आप बहुत छान-बीन करते हैं, दूरदर्शन के मामले में भारत सरकार ने जो प्रगति की है उस प्रगति का मुकाबला आप दुनिया के किसी भी देश से कर सकते हैं, किसी भी देश को उस प्रगति की तुलना में रख दीजिये । लेकिन मैं मंत्रीजी से एक बात कहना चाहता हूं आप गांवों की तरफ ज्यादा ध्यान दीजिये । ये जो अंग्रेजी परस्त बाबू लोग हैं, जो शहरों में रहने वाली जनसंख्या है, जोधपुर में रहने वाली जनता के लिये आप दूरदर्शन की व्यवस्था करते हैं लेकिन जो गावों में रहने वाली जनसंख्या है, में गांव से आया हूं, उन गांव में रहने वालों का क्या होगा ? यह माध्यम केवल शहर वालों के फायदे के लिये नहीं है । गांव के लोग पढ़े-लिखे कम होते हैं, वे आप के दूरदर्शन का ज्यादा लाभ उठा सकते हैं । इसलिये हाई-पावर्ड ट्रांस्मीशन लगा कर जोधपुर ही नहीं जैसा हमारे माननीय सदस्य ने बाड़मेर के लिये कहा है, जो 80 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती है हमें उनका ध्यान रखना चाहिये ।

आप अपने माध्यमों से बहुत सारी लैंग्वेजैज में प्रचार का काम करते हैं, मैं इसका समर्थन करता हूं । लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं—हिन्दुस्तान की राष्ट्र भाषा हिन्दी है, आपके माध्यम से उसका ज्यादा प्रचार होना चाहिये ताकि वह आवाज गांवों तक पहुंच सके ।

आज कल आपने सिनेमाघरों की संख्या काफी बढ़ाई है । जगह-जगह सिनेमाघर खुल रहे हैं, लेकिन आप की तरफ से कोई गाइड-लाइन न होने के कारण अधिकारी लोग स्कूलों के पास, अस्पतालों के पास सिनेमाघर खोलने की इजाजत देते जा रहे हैं । इस तरह से आजकल सनिमाघर बनते जा रहे हैं । मैंने अपने शहर में देखा है कि सनिमाघर बन गये हैं और कोई प्लानिंग नहीं है । बड़े आदमी अच्छी जगह लेकर न अस्पतालों की बात

सोचते हैं और न स्कूलों की बात सोचते हैं और न वहां पर रहने वाले लोगों की बात सोचते हैं। इसलिए मेरा कहना यह है कि सनिमाघर बनाने के लिए भी एक गाइडलाइन होनी चाहिए। मैं आपके सामने एक बड़े शहर की शिकायत करूंगा और आप उसकी जांच कराएं कि किस प्रकार से सनिमाघर खोले गये हैं और बड़े बड़े अधिकारी लोग नाजायत फायदा उठा कर ऐसी जगहों पर सनिमाघर खोलने की इजाजत दे देते हैं जहां पर वे नहीं खुलने चाहिए। उनके लिए उपयुक्त जगह होनी चाहिए और मास्टर प्लान में वे आने चाहिएं। हर जगह बिना सोचे-समझे सनिमाघर खड़े हो जाते हैं और ऐसी जगहों पर खड़े कर दिये जाते हैं जहां पर गरीब लोगों की बस्तियां हैं। उन लोगों की जमीन एक्वायर कर लेते हैं और रात भर वे लोग परेशान रहते हैं। यह चीज मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं।

एक बात और कहना चाहता हूं। रेडियो पर बड़े महत्वपूर्ण भाषण होते हैं और जो ऐसे भाषण होते हैं, उनकी पुस्तिका प्रकाशित होनी चाहिए। में पहले देखता था कि ऐसा हुआ करता था और मैंने लाइब्रेरी में ऐसी किताबें देखी हैं। सन् 1950 और 1951 के अन्दर जो बड़े-बड़े विद्वान रेडियो पर भाषण देते थे, उनका प्रचार होता था और वे पुस्तिका के रूप में प्रकाशित होते थे और उनके जो लेख होते थे वे बड़े मूल्यवान लेख होते थे। आज मैं देख रहा हूं कि ऐसा नहीं होता है। मेरा कहना यह है कि जितने भी आपके विद्वानों के भाषण हों और जिन विषय पर वे बात करें, वे विद्वान होने चाहिए और उनके भाषण पुस्तिका के रूप में प्रकाशित होने चाहिए।

**श्री रामलाल राही** : फिर तो गांव के लोग उपेक्षित हो जाएंगे। गांवों में कहां आप को विद्वान मिलेंगे।

**श्री मूल चंद डागा** : आपने अपने दिमाग से यह बात कही है। मैंने गांवों के अपेक्षित होने की बात नहीं कही है। आप अपनी बात को अपने भाषण के समय कहें और बीच में न टोकें क्योंकि समय कम है।

अब मैं एक बात और कहना चाहता हूं। आज कल यह बात बहुत कही जाती है और हमारे वृद्धि चन्द्र जैन और कुछ दूसरे लोग ऐसे ख्यालात के बन गये हैं कि जैसे सैक्स कोई गुनाह है। हर वक्त यही कहते हैं कि यह अश्लीलपिक्चर है। मेरी समझ में यह नहीं आता कि यह क्या बात है। जो दो चार बूढ़े-बूढ़े लोग हैं, वे इस तरह की बात कह देते हैं कि यह पिक्चर अश्लील है। मैं तो यह बताना चाहता हूं कि अब लोग यह कहने लगे हैं कि सैक्स शुड बी० ए० पार्ट आफ एजूकेशन। कुछ लोग कहते हैं कि इस तरह की पिक्चर देखने से लोग खराब हो जाते हैं। मैं तो यह समझता हूं कि जो लोग बार-बार इस चीज को कहते हैं वे ही ऐसी पिक्चरें देखने में ज्यादा इन्ट्रेस्टेड हैं। वे जो ऐसा कहते हैं, उसमें मुझे कुछ डाऊट सा लगता है। यह क्या तरीका है कि कह दिया कि यह पिक्चर अश्लील है। सैक्स इज ए पार्ट आफ लाइफ। हमारे वहां पर उपमंत्री जी बैठे हुए हैं और स्टेट मिनिस्टर फार लेबर बैठे हैं। वे खुद सोचते होंगे कि ऐसी बात नहीं है क्योंकि उनके बाल काले हैं और वे समझते हैं कि इसमें कोई ऐसी गड़बड़ नहीं है। तो यहां पर कुछ लोग इस तरह की बात कह देते हैं। मैं समझता हूं कि यह ठीक नहीं है। आप यह देखें कि खजुराहो और दूसरे जो ऐसे स्थान हैं, उनकी बड़ी प्रशंसा करते हैं। वहां की बड़ी तारीफ होती है और यहां पर कुछ साधू पुरुष कह देते हैं कि यह गन्दी पिक्चर है, यह अश्लील पिक्चर है। मैं यह कहता हूं कि वात्स्यान ने जो शास्त्र लिखा है, उसके बारे में लोग क्या कहते हैं यह आप जानते ही हैं। जो बार-बार

इस तरह की बातें कहते हैं, उनको ऐसी बातों की तरफ ध्यान नहीं देना चाहिए। रेडियो और टेलीविजन में कुछ इस तरह के प्रोग्राम भी होने चाहिए जो सरकार की नीतियों की जानकारी जनता तक पहुंच सकें। आपकी जो योजनाएं हैं, उनके बारे में विस्तृत जानकारी जनता तक पहुंच सके। अगर कोई योजना बनती है तो उसके क्या नियम हैं, किस तरह से वह लागू की जाएगी, इन सब बातों का प्रचार आम जनता तक इन माध्यमों से किया जाना चाहिए। समाज कल्याण का कोई काम है तो उसका भी काफी प्रदर्शन इस माध्यम से किया जाना चाहिए ताकि यह माध्यम सिर्फ कुछ पढ़े लिखे लोगों का माध्यम बनकर न रह जाए, आम जनता का माध्यम बने। इसमें शिक्षा विभाग का कोआर्डिनेशन भी होना चाहिए ! शिक्षा मंत्री भी आ गए हैं, स्वास्थ्य मंत्री भी आ गए हैं, श्रम मंत्री भी आ गए हैं, इन सब विभागों के कोआर्डिनेशन से आप अच्छे प्रोग्राम आम जनता को दिखा सकते हैं, आम जनता को लाभ पहुंचा सकते हैं। पाली में इस सुविधा को अवश्य पहुंचाया जाए।

**श्री रामलाल राही** (मिसरिख) : सभापति महोदय, इसमें कोई दो राय नहीं है कि आजादी के बाद से सूचना और प्रसारण विभाग ने प्रसारण के साधनों और समय में काफी वृद्धि की है। दूरदर्शन का प्रसारण भी बढ़ा है और रेडियो का प्रसारण तो मेरी समझ से 10-12 गुना बढ़ गया है। लेकिन इन साधनों का लाभ आम आदमी नहीं उठा पा रहा है। क्या मंत्री जी ने इस दिशा में कुछ विचार किया है। अगर नहीं किया है तो मेरा यह कहना है कि क्या मंत्री जी इस बारे में कुछ उपाय करेंगे कि इसको इतना प्रभावी बनाएं ताकि आम जनता को लाभ हो सके। जैसा कि अभी डागा साहब ने कहा कि इन प्रचार साधनों का अभी तक पढ़े लिखे लोग ही इस्तेमाल कर पा रहे हैं। गांवों के आदमी तक यह नहीं पहुंच पाए हैं। गाँव के आदमी को मालूम नहीं है कि अगर हम कोई प्रोग्राम देने के लिए, कोई गाना गाने के लिए रेडियो या टेलीविजन में आएंगे तो ये हमारी क्या मदद करेंगे। कैसे प्रोग्राम दे सकेंगे, इसकी जानकारी अभी उसको नहीं है। इसके लिए सतत प्रयास होने चाहिए ताकि आम जनता इन माध्यमों से जुड़ सके।

सूचना और प्रसारण के साधनों में वृद्धि हुई है, यह मैंने पहले ही कहा है। तकनीकी विज्ञान की दृष्टि से इसका काफी विकास हुआ है। परन्तु अभी तक वे साधन जो कि सरकार द्वारा नियंत्रित होते हैं, रेडियो और टेलीविजन, वे जनता के उपयोग के साधन नहीं बन पाए हैं। यह आम धारणा है। प्रसारण का समय कैसा होना चाहिए। ये सरकार और उनके प्रमुख तथा उनके वंशजों के प्रचार के साधन बनते जा रहे हैं।

**श्री सत्यदेव सिंह** (छपरा) : यह आपका संकुचित दृष्टिकोण है।

**श्री रामलाल राही** : डागा साहब कह रहे थे कि इंदिरा गांधी जी जो कहती हैं वे सरकार की बात कहती हैं। मैं मानता हूं कि इन्दिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री हैं, जो कुछ वे कहें, उसका रेडियो और टेलीविज़न पर प्रसारण होना चाहिए। क्या विरोधी पक्ष के लोग इस देश के नेता नहीं है? अगर, **को दिन में एक घंटा देते हैं तो क्या विरोधी पक्ष के लोगों को तीस मिनट भी नहीं दे सकते ? इससे साफ जाहिर है कि यह साधन केवल सरकारी पक्ष के इस्तेमाल के लिए हैं।

---

**Not recorded.

MR. CHAIRMAN : Such reference to names is not to be made. It is not in good taste. This will not form part of the proceedings.

**श्री रामलाल राही :** मैं, जो बात कह रहा हूं, वह अखबार में छपी है। अधिष्ठाता महोदय, आपको याद होगा नेहरू जी जब इस देश के प्रधान मंत्री थे, वह चाहते थे कि रेडियो प्रसारण के साधनों को सरकारीकरण नहीं बल्कि स्वायत्त शासी संगठन द्वारा चलाया जाए। जब इंदिरा जी से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ये, सरकारी साधन हैं और सरकार की इच्छा के अनुसार इनका इस्तेमाल होना चाहिए। यह बात अखबारों में छपी है। मंत्री जी जानना चाहे तो 2 अप्रैल 1984 के नयी दुनिया अखबार में पढ़ सकते हैं। नेहरू जी क्या चाहते थे, यह भी इनमें लिखा हुआ है। ••• (व्यवधान) जब मैं जनता पार्टी में था तो रेडियो और टी० बी० इंदिरा गांधी के बारे में बार-बार कहते रहते थे। तब भी मैंने सत्तारूढ़ दल के लोगों से कहा था कि आप इंदिरा गांधी का प्रचार करके उनकी शख्सियत को बढ़ा रहे हैं। पता चला है कि नैनीताल में भी आप दूरदर्शन केन्द्र कायम करने जा रहे हैं। इस समय दूरदर्शन केन्द्र उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में है। लखनऊ और नैनीताल में पांच-सौ किलोमीटर का फासला है। इनके बीच में जो स्थान पड़ेंगे क्या दूरदर्शन केन्द्र इतने हाई-हावर ट्रांसमिशन लगायेगा कि ये सभी स्थान कवर हो सकें? हमारा सीतापुर लखनऊ से कवर होता है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि कभी भी टी० बी० पर साफ तस्वीर नहीं आती है। अगर नैनीताल में बनाने जा रहे हैं तो वहां से भी वही हालत होगी। यदि, मंत्री जी चाहते हैं कि टी. बी. की सुविधा गांव के आम आदमी तक पहुंचे तो हर सौ किलोमीटर की दूरी पर टी. बी. सेन्टर बनाना पड़ेगा। जिस विभाग को मंत्री जी ने संभाला हुआ है, उसमें हजारों केजुअल आर्टिस्ट काम करते हैं। इनमें, प्रोड्यूसर, जनरल, केमरामैन और साऊन्ड रिकार्डर आर्टिस्ट है। हजारों की तादाद में ये देशभर में हैं। मैं, बधाई देना चाहूंगा आडवाणी साहब को, जो इस सदन के सदस्य नहीं हैं। जिस वक्त उन्होंने इस मंत्रालय को संभाला था तो उन्होंने देखा कि जो कैजुवल आर्टिस्ट साढ़े तीन सौ दिन काम कर चुके हैं, लेकिन रेग्युलर नहीं हो पाए, उनको रेग्युलर करने के लिए एक कानून बना दिया, व्यवस्था की और कहा कि जिनके मार्च 1980 तक 365/दिन पूरे हो चुके हैं उनको हम रेग्युलराइज करेंगे। जितने लाभ पाने वाले थे, सब लाभ पा गए। अब 1980 को बीते हुए चार साल हो गए और 1980 से पहले के भी कुछ ऐसे लोग होंगे जिनके 100 या 150 या 200 दिन हो गए होंगे, उनके अब तक 500 या 600 दिन हो रहे होंगे, मैंने इस सम्बन्ध में मंत्री जी को पत्र भी लिखा था कि आप इस पर विचार कीजिए और ऐसे तमाम कर्मचारियों को रैग्युलर कीजिए। लेकिन उसके बावजूद भी आप उनको रैगुलर नहीं कर रहे हैं, उसका कारण यह है कि आपके पास आपके क्षेत्र के कई आदमी आते हैं उनको आप वहां लगाना चाहते हैं ताकि वे 40 या 50 रुपये रोजाना प्राप्त कर सकें। लेकिन जो कर्मचारी 500 या 600 दिन काम कर चुके हैं और अभी तक रैगुलर नहीं हो पाये हैं, वे रैगुलर न हों आप मनमाने तरीके से लोगों को लगाते रहें और अपने आदमियों को खुश करते रहें। इसलिए मैं चाहता हूं कि आप ऐसे तमाम लोगों को रैगुलर कीजिए, मेरी मंत्री जी से मांग है कि उनको रैगुलर करने के लिए आपको कदम उठाने चाहिएं, प्रयास करना चाहिए ताकि उनको जल्दी से जल्दी रैगुलर किया जा सके।

हमारे देश में जहां बड़े बड़े पत्रकार है, बड़े बड़े पत्र हैं अखबार हैं, वे सब बड़े-बड़े पूंजीपतियों के पत्र हैं और उन पूंजीपतियों के द्वारा ही नियंत्रित होते हैं। बिना उन लोगों के चाहे, किसी भी तरह की न्यूज चाहे कितनी भी अच्छी क्यों न हो, उन पत्रों में प्रकाशित नहीं हो पाती। वे समाचार पत्रों तक ही नहीं जा पातीं। जहां देश में छोटे पत्रों का प्रकाशन बढ़ा है, उनकी तादाद बढ़ी है, लेकिन वे सारे अखबार अपनी गरीबी को, अपनी मुफलिसी को खत्म करने में असमर्थ हैं। अपने अखबार को रेगुलरली नहीं निकाल सकते। उसकी जिम्मेदारी हमारी विज्ञापन देने की गलत नीति को है जो बड़ी अजीबोगरीब है। जो भी अखबार सरकारी मंत्री या किसी आफिसर को एप्रोच कर लेते हैं, वे तो चाहे जितना मर्जी विज्ञापन ले जाएं, लेकिन जो सही तथ्यों को प्रकाशित करके अपने अखबार निकालना चाहते हैं और सरकार के पक्ष को, सही बात को नहीं निकालते, उनको ये विज्ञापन नहीं देते। आपको इस नीति में परिवर्तन लाना चाहिए और छोटे अखबारों को प्रोत्साहन देना चाहिए। उनको न सिर्फ विज्ञापन दिए जाएं बल्कि अखबारी कागज भी मुहैया किया जाना चाहिए। क्योंकि अखबारी कागज के अभाव में, वे जिस क्षमता के साथ अपने अखबार निकालना चाहते हैं, नहीं निकाल पाते। मंत्री जी को इस पर भी विचार करना चाहिए। मुझे आशा है कि मंत्री महोदय मेरे सुझावों पर अवश्य विचार करेंगे।

**श्रीमती विद्या चेन्नुपति (विजयवाड़ा) :** सभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं आपको इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहूंगी कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया और मंत्री महोदय को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहूंगी कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में एक टी० वी० रिले स्टेशन कायम किया, जिसका उद्घाटन हमारी प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और हमारे मंत्री महोदय श्री भगत जी ने किया, जिसके कारण हमारे कोस्टल आन्ध्रा के लोगों को टी वी से प्रसारित कार्यक्रमों को देखने का मौका मिला, सारे देश के लिए हमारे यहां से जितने नेशनल प्रोग्राम दिखाये जाते हैं, अब वहां के लोग भी उनको देख सकेंगे। मैं इसके लिए अपनी प्रधानमंत्री और मंत्री महोदय को अपनी तरफ से धन्यवाद देती हूं। इसके साथ मैं कोस्टल आन्ध्रा की जनता की तरफ से भी आप का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं।

अब मैं टी वी के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहती हूं। जैसाकि सब लोग सोचते हैं कि टी वी एक लक्जरी आइटम है, लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि टी वी का इम्प्रेशन हमारे ऊपर दिनों दिन ज्यादा बढ़ता जा रहा है। हम प्रैक्टिकली भी देखते हैं। पहले जिस प्रकार से हर गांव में वहां की पंचायत को हम रेडियो देते थे, मैं चाहती हूं कि उसी तरीके से हमारा सब ग्राम पंचायतों को टी वी लेने के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। दूसरे, जैसा कलर टी. वी लेने के लिए मांग ज्यादा होती है, मैं मंत्री महोदय को सुझाव देना चाहूंगी कि ब्लैक एण्ड व्हाइट की अपेक्षा कलर टी वी का प्रभाव लोगों पर अच्छा पड़ता है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में जो लोग रहते हैं, उनको हम अधिक लाभ पहुंचा कर प्रसन्न कर सकते हैं, उनको खेती से सम्बन्धित कार्यक्रमों में फसल की बीमारियों का रंगीन प्रसारण करके अच्छी तरह से समझाया जा सकता है। इसलिए मैं चाहती हूं कि कलर टी वी के ऊपर जितने स्टेट और सैन्ट्रल टैक्सेज हैं, उन टैक्सेज को निकाल कर हमें ग्राम पंचायत में, कम्यूनिटी सैन्टर्स में या जितने दूसरे कम्यूनिटी वालेंटीयर आर्गेनाईजेशन्स हैं, जहां ज्यादा से ज्यादा लोग बैठकर टी वी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम देखते हैं, ऐसे स्थानों के जरिए, आर्गेनाईजेशन्स के जरिए, पंचायत के जरिए या पंचायत समितियों के जरिए···या पंचायत

समितियों के जरिये जो कलर टी वी सैट लेते हैं उन पर स्टेट और केन्द्र के टैकोज निकाल देने चाहिये ताकि कम दाम पर कलर टी.वी. सैट्स कम्युनिटि सैन्टर्स या पंचायत समितियां ले सकें और गांव के लोग एक साथ बैठकर प्रोग्राम देख सकें । ऐसा होने से लोगों को पूरे देश का हाल मालूम। होगा और नेशनल आउटलुक लोगों में डेवलप होगा।

आपने विजयवाड़ा में टी. बी. रीले सेन्टर दिया उसके लिये धन्यवाद। कोस्टल क्षेत्र में तेलगू भाषा बोलने वाले लोग अधिक हैं, वह हिन्दी और अंग्रेजी नहीं समझते । इसलिए आंध्रप्रदेश में जो टी. बी. रिले सेन्टर्स हैं वहां से तेलगू प्रोग्राम दिखाने की सुविधा देनी चाहिये। आजकल तो हैदराबाद से तेलगू में न्यूज भी दे रहे हैं, मेरी मांग है कि प्रादेशिक भाषा के ही प्रोग्राम ज्यादा दिये जाएं जिससे गांव के लोग उनको समझ सकें, इस बारे में आपको सोचना चाहिये।

मैंने प्रधान मंत्री जी और मंत्री जी को पत्र भेजा था आपने हमें टी. बी. रीले सेन्टर तो दिया, लेकिन साथ ही प्रोडक्शन सेन्टर भी विजयवाड़ा को दें ताकि कुनिपुड़ी डाँस, अन्य लोकल प्रोग्राम और प्रान्त में जो प्रगति हो रही है इनका प्रोडक्शन भी वहां हो सके और लोगों को दिखाया जा सके। प्रोडक्शन सेन्टर पर जो खर्चा होगा वह आपको लाइसेंस फीस से मिल जाएगा। सरकार को प्रोडक्शन सेन्टर देने में कोई नुकसान नहीं होगा। हमारे यहां डांस ट्रूप्स, सिनेमा ऐक्टर्स बहुत हैं, वहां कला की कमी नहीं है, कुचिपुड़ी डांस वहाँ का मशहुर डाँस है इन सबको बढ़ावा देने के लिये और लोगों को दिखाने के लिये विजयवाड़ा को प्रोडक्शन सेन्टर बनाया जाय।

इसी तरह से टी. वी. सेट्र्स का प्रोडक्शन ज्यादा होना चाहिये और खास कर पोर्टेबिल सेंट्र्स ज्यादा बनने चाहिये। जब प्रोडक्शन ज्यादा होगा तो दाम कम होगें। उस समय ज्यादा लोग जैसे रेडियो सुनते हैं, वैसे ही टी० बी० भी देख सकते हैं । पोर्टिबल टी. बी सैट्स आजकल आ रहें हैं, उन्हे आपको एन-केरज करना होगा । जिस प्रकार लोग ट्रांजिस्टर लेकर जाते हैं और जहां जाएं वहाँ सुनते हैं, उसी प्रकार लोग टी. बी. के प्रोग्राम भी देखेंगे। सारे देश की एकता के लिए, नेशनल आउट-लुक को बढ़ाने के लिये, सारे देश के प्रोग्राम देखने के लिये लोगों के दिमाग में यह होगा कि भारत देश एक है। नहीं तो यह होगा कि हर प्रान्त सोचता है कि हमारा प्रान्त बड़ा है। अगर सारे प्रान्तों के प्रोग्राम एक टी. बी. पर देखते हैं तो लगता है कि भारत देश के भिन्न भिन्न प्रान्त हैं और भारत देश एक है। एक ही नारा उठाने के लिये हमारी टी. बी. अच्छे साधन बनते हैं। कलर टी. बी. एसेंशियल है, उसका मैं समर्थन करती हूं।

एक सुझाव यह है कि एजूकेशन और कल्चर के पास बहुत फंडज् हैं। सारी एजूकेशन इंस्टीटूयशन्ज में अगर सेंट्र्स लगाये जायें तो उनको बच्चे देखेंगे और उनके दिमाग में यह आयेगा कि हमारे अगले प्रदेश के लोग कैसे करते हैं। इसलिये हरेक स्कूल में इस तरह के प्रोग्राम पहुंचने चहिये।

हमारे मिनिस्टर साहब ने जो डिमाँड्ज रखीं हैं, उनका मैं समर्थन करती हूं और जो सुझाव मैने दिया है, उस बारे में आप विचार करेंगे, ऐसी आशा मैं आपसे करती हूं।

**श्री सत्यनारायण जटिया (उज्जैन)** : माननीय सभापति महोदय, आकाशवाणी और दूरदर्शन प्रसारण के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। महाभारत काल में उस समय के सम्राद् ने पूछा :—

धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समेवता युकुत्सव :
मामका: पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत संजय ।।

आज भी यही हाल है। आज के सम्राट् पूछ रहे हैं भगत जी से :-

राजनीति क्षेत्रे कर्तव्यक्षेत्रे
समवेता युयुत्सवः
सत्ताः विपक्षश्चैव किमकुर्वंत
भगतः महाशयः ।।

देश में क्या हो रहा है, देश की स्थिति क्या है, इसका वर्णन सम्राट् को स्वयं पता नहीं होता, क्योंकि वह स्वयं अपनी आंख से नहीं देखता। जो अपनी आंख से नहीं देखता वह औरों से पूछता है। आप जनता की ओर से इस प्रजातंत्र में उसकी अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम हैं और उस माध्यम का ठीक ठीक प्रकार से उपयोग हो, इसकी आश्वस्ति जनता को चाहिये। इस आश्वस्ति को देने में आप कितने सफल, विफल हुए हैं, यह हमारे मित्रों ने कहा है। यह पक्ष और विपक्ष की बात नहीं है। इस माध्यम का उपयोग किस प्रकार से किया जाता है। इस बात को देखने की आवश्यकता है ?

हम दूरदर्शन का विस्तार कर रहे हैं, आकाशवाणी के कार्यक्रमों में और विस्तार करने की हमारी योजनाएं है, उनको हम पूरा करना चाहते हैं। यदि हम वास्तव में कुछ करना चाहते हैं तो वह सिस्टम और वह प्रणाली, जो सबको प्रतिनिधित्व दे सके, सबकी बात का कहा जा सके, ऐसे उपाय होने चाहियें। सिस्टम अपने प्रकार से तो चलता है, आप रहे हैं तो चलता है, उससे पहले जो रहे होंगें। उन्होंने चलाया होगा और आपके बाद भी चलता रहेगा परन्तु इस प्रणाली में गुणात्मक आधार पर कैसे सुधार किया जा सकता है, यह आपके प्रयास होने चाहियें। यह अपेक्षा हम आपसे करते हैं। इसमें पक्ष और विपक्ष का प्रश्न ही नहीं उठता है। जो देखा है, उसको ठीक ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए। यह चापलूस और जी-हुजूरी करने वाले लोगों का जमाना है। ऐसे लोगों को जल्दी स्थान और अवसर मिल जाता है। सच्चे और ईमानदार लोगों की अभिव्यक्ति सशक्त होती है। उनकी उपेक्षा होती है। इसलिए आज कला, साहित्य और संगीत के क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियां दूरदर्शन और आकाशवाणी से दूर हैं।

आकाशवाणी और दूरदर्शन जन अभिव्यक्ति और जनता को शिक्षित करने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उनके स्तर को ऊंचा करने के लिए यह आवश्यक है कि साहित्य और संस्कृति के ख्यातिप्राप्त लोगों को सहयोग देने के लिए आग्रहपूर्वक आमंत्रित किया जाए। ऐसे स्वाभिमानी लोग स्वयं सरकार के पास नहीं आएगे। ऐसे सभी लोगों को आकाशवाणी और दूरदर्शन में अवसर देने चाहिएं, ताकि, देश के लोगों को मालूम हो कि इस विधी में जानकर लोगों की कमी नहीं है।

उत्सवों के अवसर पर प्रासंगिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने चाहिए, जिससे उन उत्सवों की गरिमा बढ़े और राष्ट्रीय चेतना जाग्रत हो। मैं जानना चाहता हूं कि इस वर्ष रामनवमी के अवसर पर जो पिक्चर दूर दर्शन पर दिखाई गई, वह प्रासंगिक नहीं थी। क्या इन कार्यक्रमों का मानिटरिंग करने की कोई व्यवस्था है या नहीं ? इस तरफ ध्यान दिया जाना आवश्यक है। आम आदमी रोजी-रोटी के संघर्ष में जूझ रहा है उनको टी बी या रेडियो की आवश्यकता दोयम होती है उनके सामने सब से पहले रोटी की आवश्यकता होती है और वह आवश्यकता पूरी होने पर ही वे संस्कृति साहित्य और संगीत की तरफ ध्यान देते हैं। देश की बहुसंख्यक जनता आजीविका की तलाश में लगी रहती है और उससे अवकाश मिलने पर ही किसी दूसरी तरफ उसका ध्यान जाता है। ऐसे लोगों को भी उत्साह और चेतना मिल सके, ऐसे कार्यक्रम बनाने से ही इस सशक्त माध्यम से लाभ हो सकेगा।

मालवी में कहावत है : "बोलवा वारा कातो बुरा विकी जाए, और नी बोलावा वारा की जुआर धरि रह जाय"। इसका अर्थ यह है कि जिसका प्रचार-प्रसार ज्यादा हो, उसकी बेकार से बेकार चीजें भी बिक जाती हैं और जो ठीक ढंग से प्रचार नहीं करता है, उसकी अच्छी से अच्छी चीज भी धरी रह जाती है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि उनके इर्द-गिर्द जो लोग उनकी प्रशंसा का वातावरण बनाए हुए हैं उनको वह छांट दें, ताकि अच्छे लोगों को अवसर मिल सकें।

आकाशवाणी और दूरदर्शन को स्वायत्तशासी कार्पोरेशन के रूप में स्थापित किया जाना चाहिए, किन्तु सत्ता में बैठे हुए लोग सोचते है कि कहीं ऐसा करने से उनका अपनी बात कहने का अवसर ही समाप्त न हो जाय। इस संशय के कारण वे इन संस्थाओं को स्वायत्तता देने का निश्चय नहीं कर पाते हैं। वास्तव में इस बारे में निर्णय करने में किसी को संशय नहीं होना चाहिए। सत्ता इस का दुरूपयोग कर सके इस प्रकार की बात कहने का भी कोई अवसर न हो इसलिए जरूरी है कि इस का कारपोरेशन जैसे जापान में है, ब्रिटेन में है, श्री लंका में है, उसी प्रकार का हम हिन्दुस्तान में भी बनाएं। मैं आप से आग्रह करना चाहता हूं कि इस प्रकार के प्रस्ताव पर आप विचार करें और निर्णय लें। नयी बात करने के लिए साहस की आवश्यकता हैं। उस साहस का आप परिचय दें यह बात सही है कि उस के कारण अपनी बात कहने का जितना अवसर आप अभी तलाश करते हैं वह नहीं मिलेगा, किन्तु यह एक अच्छा कदम है जो आगे आने वाले समय के लिए, सब के लिए ठीक और उपयुक्त होगा। यह मेरा सुझाव है, आप इस बारे में जरूर विचार करें।

**PROF. N.G. RANGA** (Guntur): No. It is not easy. It is not so easy to do it where people take to violence easily.

**श्री सत्यनारायण जटिया** : रंगा साहब, आप तो हमारे बडे बुजुर्ग हैं, मैं आप से अर्ज करूंगा कि मेरे तो ये अपने विचार हैं, आप से और सदन से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है, लेकिन मैं अपनी बात कह रहा हूं और अपनी भावना व्यक्त कर रहा हूं। भगत जी से मैं सीधी बात कह सकता हूं ऐसा मुझे विश्वासहै। वह सुनते हैं मेरी बात और उस पर विचार भी करते हैं, यह भी मुझे विश्वास है। इसलिए मैं ये सारी बाते व्यक्त कर रखा हूं।

दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि आप ने जो यह "टी. वी. नेट वर्क" का काम शुरू किया है, दूरदर्शन के विस्तार का काम प्रारम्भ किया है, 70-75 प्रतिशत लोगों तक टी वी की बात पहुंचाना चाहते हैं वह पहुंचाइए। किन्तु अभी भी देश के बहुत से हिस्से ऐसे हैं जहां पर दूरदर्शन पहुंच नहीं रहा है। उन स्थानों को कवर करने की दृष्टि से विभिन्न स्थानों से हाई पावर ट्रांसमिशन के मध्यम से इस प्रसारण का अधिकाधिक लाभ अवश्य देना चाहिए। मध्य प्रदेश में भी अनेक जिले बाकी रह गए हैं, उन को छोड़िए नहीं। मन्दसौर जिला जो एक महत्वपूर्ण जिला है वह छूट गया है। उज्जैन में भी अभी तक टी वी का लाभ नहीं मिल रहा है। वह संस्कृति और शिक्षा का केन्द्र रहा है, आज ही नहीं, विक्रमादित्य और कालिदास के जमाने से रहा है और सांदीपनि आश्रम में कृष्ण शिक्षित हुए हैं। ऐसा एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक ऐतिहासिक स्थान वह है। उज्जैन संभाग का प्रमुख स्थान है। इसलिए उज्जैन के बारे में आप सोचें। आप ने बहुत से लोगों को आश्वासन दिया है और धन्यवाद भी लिया है। मुझे भी आप एक अवसर दें कि मैं भी आप को धन्यवाद कह सकूं और आप इसका गर्व महसूस

कर सकें। इसलिए उज्जैन में मैं ने जो टी वी की मांग की है वह दीजिए। आकाशवाणी केन्द्र स्वतंत्र रूप में स्वीकृत कीजिये। वहां संस्कृति और साहित्य आप को देखने को मिलेगा। यह केवल मेरा सुझाव मात्र नहीं है, बहुत विचार करने के बाद और किसी आधार पर मैं अपनी मांग प्रस्तुत कर रहा हूं। मैं चाहूंगा कि आप इस पर सोचें।

छोटे समाचार पत्रों की संख्या अधिक होगी किन्तु वह जनता के पास पहुंचने के एक बहुत बड़ा माध्यम है। बड़ अखबार पढ़ने वाले पाठक-गण की अपनी निधारित संख्या होगी लेकिन छोटे अखबार भी पढे जाते हैं। आम आदमी चाय की, पान की और दूसरी दुकानों पर जगह जगह पढ़ता है। उन को प्रोत्साहन देने के बारे में आप ने क्या नीति बनायी है? विज्ञापन के बारे में कहा जाता है कि विज्ञापन की अपनी नीति है। किन्तु उस में भी देखने को मिलता है कि जिन की पहुंच होती है उन का सारा मामला ठीक हो जाता है, जिन की पहुंच नहीं होती है वह परेशान होते है। यह मैं पहले ही कह चुका हूं। इसलिए छोटे समाचारपत्रो को विकसित करने के ऊपर आप को ध्यान देना चाहिए।

छोटे समाचारपत्रों के साथ ही भाषायी समाचार एजेंसियों के साथ या हिन्दी समाचार एजेंसियों के साथ जो स्थिति बनी हुई है वह काफी दुर्दैव या दुर्भाग्य का कारण है। यह बात ठीक है कि आपने कुछ अच्छे निर्णय लिए है किन्तु अभी तक जो कुछ हुआ है वह ठीक नहीं हुआ है। भाषायी समाचार एजेंसीज जिस में हिन्दी का एक प्रमुख स्थान है, समाचार भारती या हिदुस्तान समाचार, ऐसी एजेंसियां रही हैं जिन की व्यवस्था हमेशा बिगड़ती रही। सरकार उन की मदद करती रही फिर भी बिगड़ती रही। विगत समय प्रशासक कहीं नियुक्त किए। प्रशासक तानाशाह हो गए। वे किसी की वाजिब बात को सुनने को तैयार नहीं है। कर्मचारियों ने मांग रखी उन की कोई सुनने वाला नहीं। जिस प्रकार एक अंग्रेजी समाचार एजेंसी ने हिन्दी समाचार एजेंसी के क्षेत्र में प्रवेश किया है ऐसे ही अन्य लोगों को आप प्रोत्साहित करें जिस के द्वारा हिन्दी का जो उपेक्षित क्षेत्र है उस में कुछ प्रगति हो सके।

प्रेस कमीशन ने अपनी सिफारिशों में जो कहा है उसकी सिफारिशों के बारे में आप ध्यान दीजिए। मैं चाहूंगा कि ये जो एजेंसियां आज वर्तमान में विध्यमान हैं उन पर काफी कर्जा है, वह डूबने की स्थिति में हैं, वह कब समाप्त हो जायंगी कहा नहीं जा सकता। अब सरकार ने उस को अपने हाथ में लिया है सरकार का यह दायित्व हो जाता है कि उन को दशक सक्षक बनाने की दृष्टि से काम करें।

संसद समीक्षा की रिपोर्टिंग का कुछ लोगों को अवसर अवश्य मिला है परन्तु बहुत सारे लोग अक्लीवंचित हैं। आप यह देखें कि सभी को स्थान मिले। बहुत से पत्रकारों को विगत वर्षों में अवसर नहीं मिल पाया है, आप उन्हें भी अवसर दें।

अन्त में मैं यह कहूंगा कि मैं ने जो सुझाव दिए है उन्हें आशा है आप मानेंगे और यह सिद्ध कर देंगे कि आप हिन्दुस्तान की सही तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। धन्यवाद।

**श्री काली चरण शर्मा (भिन्ड) :** सभापति महोदय, मैं सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं। इस मंत्रालय के अंदर मंत्री जी ने 70 प्रतिशत आबादी को अगले वर्ष तक प्रचार के माध्यम में लिया है, यह बहुत खुशी की बात है। इस में हमारे देश की जनता को काफी लाभ होगा। मेरे कुछ सुझाव हैं जिन को मै रखना चाहता हूं। आप अगर चाहें तो रेडियो के द्वारा हमारे देश में खेती की नयी नयी योजनाओं, नयी-नयी टेकनीकस का काफी प्रचार कर सकते हैं। यद्यपि

आप का विभाग इस सम्बन्ध में काफी प्रचार कर रहा है लेकिन उस में अभी बहुत सुधार की गुंजाइश है ।

14.59 hrs.

[SHRI SOMNATH CHATTERJI *in the Chair*.]

कब बीज बोना चाहिए, कब जुताई करनी चाहिए, कब गर्मी की जुताई करनी चाहिए, कब खेतों को पानी देना चाहिए, कब कौन सी दवा छिड़कनी चाहिए, इन तमाम बातों के प्रचार की व्यवस्था खेती के सम्बंध में होनी चाहिए । साथ ही नयी तकनीकी पढ़ाई का इंतजाम ग्रामीण एरियाज में जहां अच्छे मास्टर, अच्छे विद्वान शिक्षक नहीं है, वहां रेडियों के माध्यम से कर सकते हैं । इस के लिए भी उस में सुधार की काफी गुंजाइश है । हमारे बहुत से योग्य डाक्टर और वैद्य जो बताते हे वह भी रेडियो के द्वारा प्रचारित कर सकते हैं । इस तरह से बहुत अच्छी-अच्छी सूचनाएं ग्रामीण समाज तक पहुंच सकती हैं । इसके लिए भी मंत्री जी को समन्वय स्थापित करना चाहिए ।

फील्म्स के बारे में आप का जो सेंशर बोर्ड है वह ऐसी फिल्मों को पास करता है जो आज समाज में हमारे बच्चों के लिए और बहुत सारे लोगों के लिए अच्छी चीज नहीं है ।

15.00 hrs.

समाज में उन से कोई अच्छा प्रचार नहीं होता है । इस में सुधार की गुंजाइश है, इसलिए इस में सख्ती करनी चाहिए ।

